तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

12 पूना पर्रीयान- नई उड़ान ने भरी सफलता की उड़ान...



11 अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने अधिकारी...





## खबर संक्षेप

### छात्रों को कापी व पेंसिल का किया गया वितरण



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के प्राथमिक शाला डांगरा में ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की पहल पर विद्यार्थियों को कॉपी, पेंसिल और पेन वितरित किए गए। शैक्षणिक सामग्री मिलने से बच्चों में उत्साह देखा गया। सरपंच रमूला राजेंद्र नरेती ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्रधान पाठक कमला नरेती ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, एसएमसी सदस्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जामगांव में छापामार कार्रवाई 5.5 लीटर महुआ शराब जब्त



**कांकेर।** थाना नरहरपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम जामगांव के इंदिरा आवासपारा में एक महिला के कब्जे से 5.5 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब बरामद की है। मुखबिर की जानकारी पर पुलिस टीम ने दबिश देकर घर की तलाशी ली, जहां पानी के ड्रम की आड़ में शराब छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने करीब 550 रुपये मूल्य की महुआ शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया।

### युवक ने जहर खाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना अंतर्गत कानागांव निवासी 20 वर्षीय संदीप कुमार उईके पिता राम प्रसाद ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी 4 अप्रैल को इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए धमतरी के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आकाशीय बिजली गिरने एवं गड्ढा में डूबने से मृत्यु होने के अलग-अलग चार प्रकरणों में मृतकों के निकटतम परिजनों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए हैं। अंतागढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम कलगांव में आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक ▶▶| शेष पेज 10 पर

# धर्मांतरित व्यक्ति का शव दफनाने को लेकर विवाद, नदी किनारे दफनाने से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम हाटकोंगेरा में एक धर्मांतरित परिवार के सदस्य के शव को नदी किनारे दफनाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। घटना 15 जुलाई का है। शव दफनाने के अगले दिन 16 जुलाई को सुबह गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया है और स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शव को उक्त स्थान से हटाने की मांग करते हुए अपनी नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस परिवार के मृत सदस्य का शव दफनाया गया है, उस परिवार को पूर्व में ग्राम पंचायत स्तर पर सामाजिक रूप से बहिष्कृत करने का निर्णय लिया गया था। उनका दावा है कि इस संबंध में लिखित निर्णय भी मौजूद है, जिसके तहत परिवार के साथ सामाजिक और आर्थिक व्यवहार पूरी तरह बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा आश्वासन देकर शव को गांव के समीप नदी किनारे दफनाने की अनुमति दी गई, जिससे पूरे गांव में असंतोष फैल गया। उनका कहना है कि यदि बहिष्कार का निर्णय प्रभावी था, तो उसके विपरीत जाकर इस प्रकार की अनुमति देना उचित नहीं था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में केवल दो लोगों की प्रमुख भूमिका रही है। उनके अनुसार सरपंच और गांव के पटेल ने इस संबंध में निर्णय लिया, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## गांव में पुलिस तैनात, ग्रामीणों ने शव हटाने की उठाई मांग

### पुलिस लगातार कर रही है निगरानी

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से लगातार चर्चा कर उन्हें शांत रहने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की समझाईश दिया जा रहा है।



### ग्रामीणों की माँग

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांग है कि शव को नदी किनारे से हटाया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि किसके निर्देश और अनुमति से वहां दफनाने की कार्रवाई की गई। वहीं प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## नौ दिनों तक रूकेंगे मौसी के घर, उसके बाद होंगे वापिस

# जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा शहर, भाई बहन संग रथ पर सवार होकर निकले भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बूंदाबांदी के बीच श्रद्धा का उमड़ा सैलाब, राजपरिवार ने निभाई परंपरा

भगवान जगन्नाथ स्वामी के स्वस्थ होने के उपलक्ष्य में गुरुवार 16 जुलाई को नगर में पारंपरिक रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ निकाली गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। जय जगन्नाथ के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दोपहर बाद हुई हल्की बूंदाबांदी के कारण रथयात्रा निर्धारित समय से कुछ देर बाद प्रारंभ हुई, लेकिन मौसम श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर सका। भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलदेव और बहन देवी सुभद्रा के साथ भव्य रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले तो मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार राजपरिवार के सदस्य अपने राजपुरोहितों के साथ भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। सबसे पहले रथ का विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर में प्रवेश कर भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती हुई। धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए भगवान को रथ तक लाने की विशेष प्रक्रिया अपनाई गई।

मंदिर परिसर में जमीन पर चौका बनाकर टाट-पट्टी बिछाई गई, जिस पर राजपुरोहित और मंदिर के पुजारी गंगाजल से आचमन करते हुए आगे बढ़े और भगवान के विग्रहों को श्रद्धापूर्वक रथ तक लेकर पहुंचे। रथ पर भगवान को विराजमान करने से पहले पुजारियों ने पूरे ▶▶| शेष पेज 12 पर



### मौसी के घर पहुँचे भगवान जगन्नाथ

नगर भ्रमण पूर्ण करने के बाद भगवान जगन्नाथ का रथ परंपरा के अनुसार मौसी घर की ओर रवाना हुआ। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान नौ दिनों तक मौसी घर में विश्राम करते हैं, जिसके बाद पुनः मंदिर लौटते हैं। रथयात्रा के समापन तक पूरे शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ से नगरवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। बूंदाबांदी के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि नगर की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।

### पखांजुर में श्रद्धा के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**पखांजूर।** नगर पंचायत पखांजूर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। तहसीलपारा से शुरू हुई यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जय जगन्नाथ के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि, शांति और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी से रथयात्रा शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न हुई।



# बस डिवाइडर से टकराई कबाड़ से भरा ट्रक पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



- हाईवे सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात चारामा क्षेत्र में हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। राहत की बात यह रही कि दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा व्यवस्था और दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं की कमी को उजागर कर दिया है।

पहली घटना थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम झिपाटोला के पास हुई, जहां यात्रियों से भरी एक महेन्द्रा बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और डिवाइडर भी टूट गया। जानकारी के अनुसार बस कांकेर से रायपुर की ओर जा रही थी। हादसे के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित दूसरी बस की व्यवस्था कर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया, जबकि क्षतिग्रस्त बस को बाद में मौके से हटाया गया। इसी रात करीब दो बजे दूसरी दुर्घटना माहुद गांव के पास हुई, जहां कबाड़ से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और पलट गया। बताया जा रहा है कि ट्रक धमतरी की ओर जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मोटर्स गैरेज से 25 हजार के वायरिंग लूम चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के सिंगारभाट स्थित एक ऑटो गैरेज से लगातार वाहन पार्ट्स चोरी होने का मामला सामने आया है। गैरेज संचालक ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए करीब 25 हजार रुपये मूल्य के वाहनों के वायरिंग लूम चोरी होने की जानकारी दी है। मामले में गैरेज में कार्यरत एक कर्मचारी पर संदेह व्यक्त किया गया है।



- रिपोर्ट में संचालक ने कर्मचारी पर जताया संदेह

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार आतुरगांव निवासी 42 वर्षीय प्रवीण मिश्रा ने पुलिस को बताया कि पिछले लगभग सात वर्षों से राईसमीलपारा सिंगारभाट में गैरेज का संचालन कर रहे हैं। उनके गैरेज में चार पहिया वाहनों की रिपेयरिंग, डेंटिंग और पेंटिंग का कार्य किया जाता है। पिछले कुछ समय से गैरेज में मरम्मत के लिए आने वाले वाहनों के वायरिंग लूम लगातार गायब हो रहे थे। इस संबंध में उन्होंने अपने कर्मचारियों से पूछताछ भी की, लेकिन किसी ने भी चोरी की जानकारी होने से इंकार कर दिया। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि 1 जुलाई को भी गैरेज में खड़े कुछ वाहनों के वायरिंग लूम चोरी हो गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार ▶▶| शेष पेज 10 पर

# खेत में ट्रैक्टर चलाने से रोका, कुल्हाड़ी दिखा दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम बीरकोन्दल में खेत में जुताई करने के दौरान एक किसान और उसके परिवार को डराने-धमकाने और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बीरकोन्दल निवासी 52 वर्षीय लालसाय ध्रुव ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई की दोपहर करीब 2 बजे अपने खेत में धान की बुआई और जुताई का काम करवा रहे थे। खेत में उनका पुत्र शंभुराम और गांव का ही मुकेश नुरूटी ट्रैक्टर से काम कर रहे थे। उसी दौरान गांव का ही मंगूराम पिता नोहर सिंह शराब के नशे में धुत होकर वहां पहुंचा। आरोपी मंगूराम ने खेत को अपना बताते हुए ट्रैक्टर रोकने को कहा। उसने हाथ में कुल्हाड़ी लहराते हुए गाली-गलौज की और धमकी दी कि अगर ट्रैक्टर नहीं रोका तो वह जान से मार देगा। डर के मारे युवकों ने ट्रैक्टर बंद ▶▶| शेष पेज 10 पर



### आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

घटना के वक्त खेत में मौजूद पीड़ित के पुत्र शंभुराम ध्रुव और मुकेश नुरूटी ने तुरंत बीच-बचाव किया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मंगूराम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# तहसीलदार की नोटिस के बावजूद शासकीय भूमि पर खेती का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

- कार्रवाई पर उठे सवाल

ग्राम पीवी-09 में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण और तहसीलदार के नोटिस के बावजूद खेती किए जाने के आरोपों ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन अपने ही आदेशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित नहीं कराता, तो इससे कानून के प्रति लोगों का विश्वास कमजोर होगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर भविष्य में विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी-09 स्थित खसरा नंबर 129, 130, 133, 138 एवं 161 की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद संबंधित भूमि पर खेती जारी रहने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने करीब दो माह पूर्व ग्राम पीवी-27 में शासकीय भूमि को लेकर हुए विवाद का भी हवाला दिया, जिसमें दो ▶▶| शेष पेज 10 पर



### उचित निर्णय लेने की मांग

क्षेत्रवासियों की निगाहें राजस्व विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने तथा सभी संबंधित पक्षों का पक्ष सुनने के बाद उचित निर्णय लेने की मांग की है। इससे क्षेत्र में संभावित विवाद की स्थिति को समय रहते टाला जा सकेगा।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने बनाया मिशन 2026 का रोडमैप

# भाजपा का बूथ से जन-जन तक संगठन विस्तार का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

संगठनात्मक गतिविधियों और बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति के तहत भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल हाराडुला की परिचयात्मक बैठक ग्राम गितपहर में संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि की आसंदी से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन की रीढ़ है और इसकी भूमिका केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ-साथ पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों को भी जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त बनेगा।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति तेजेश्वरी सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से समाज के हर वर्ग के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने और सेवा कार्यों के माध्यम से जनता का विश्वास मजबूत करने का आह्वान किया।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज जैन ने कहा कि संगठन के विस्तार के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया गया है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, नए युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र जैन ने की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से नियमित जनसंपर्क, सामाजिक सहभागिता और सेवा कार्यों के माध्यम से संगठन को नई ऊर्जा देने का आह्वान किया।



### आयोजित बैठक में यह रहे शामिल

आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष शंकर यादव एवं दुष्यंत साहू, जिला महामंत्री राजेश कलिहारी, बिरेन्द्र सेन, परमानंद साहू, कृपा राम साहू, सुशीला तारम, उर्वशी जैन, कांति कवाची, हजारी प्रसाद सिन्हा, विजय सोनवानी, सुरेंद्र निषाद, कैलाश साहू, नारद सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### रथयात्रा पर्व पर पैराडाइज स्कूल में गूंजा 'जय जगन्नाथ'



**कांकेर।** पैराडाइज स्कूल में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, आर्ट एंड क्राफ्ट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने भगवान जगन्नाथ एवं रथयात्रा से जुड़े आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## पेज 9 का शेष

### धर्मांतरित व्यक्ति का शव...

जबकि अन्य ग्रामीणों की सहमति नहीं ली गई। कुछ ग्रामीणों ने ईश्वर नाग नामक व्यक्ति की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### बस डिवाइडर से ...

को झपकी आने के कारण वाहन से नियंत्रण खो गया, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि चालक पूरी तरह सुरक्षित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि झिपाटोला सहित राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के कई हिस्से दुर्घटना संभावित बन चुके हैं। सड़क पर तीखे मोड़, पर्याप्त स्ट्रीट लाइट का अभाव, चेतावनी संकेतकों की कमी तथा अन्य सुरक्षा उपायों के पर्याप्त नहीं होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। एक ही रात में हुए इन दो हादसों के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, दुर्घटना संभावित स्थानों पर चेतावनी संकेतक लगाने, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने तथा अन्य आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### खेत में ट्रैक्टर चलाने ...

कर दिया। जब पीड़ित किसान लालसाय ध्रुव मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश की, तो आरोपी और उग्र हो गया। उसने किसान के साथ भी गाली-गलौज की और हाथ में रखी कुल्हाड़ी दिखाते हुए उनका दायां हाथ मरोड़ दिया। इसके बाद आरोपी ने हाथ-मुक्के से किसान की बेदम पिटाई कर दी, जिससे उनके दाएं हाथ में गंभीर चोट आई है।

### तहसीलदार की नोटिस ...

पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। उस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। ग्रामीणों का कहना है कि उस घटना से सबक लेते हुए प्रशासन को वर्तमान मामले में समय रहते हस्तक्षेप कर विवाद की संभावनाओं को समाप्त करना चाहिए। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि सुनील बिस्वास और निखिल बिस्वास ने तहसीलदार के नोटिस के बावजूद शासकीय भूमि पर खेती जारी रखी है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही संबंधित पक्ष का पक्ष सामने आया है।

### मोटर्स गैरेज से 25...

रुपये है। गैरेज संचालक ने अपने आवेदन में गैरेज में कार्यरत दिलीप कुमार पिस्दा पर चोरी का संदेह जताते हुए उसके खिलाफ जांच और वैधानिक कार्रवाई की मांग किया है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दिलीप कुमार पिस्दा के खिलाफ धारा 306 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित ...

प्रकाश पटेल की पत्नी तुलसी बाई, संतोष पटेल की पत्नी उखा बाई तथा मनराज ठाकुर की पत्नी यशोदा बाई के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार अंतागढ़ तहसील के ग्राम लामकन्हार निवासी सविता दुग्गा की गड्ढा में गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन प्रेमसिंह दुग्गा के चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# बढ़ते बिजली बिल से दुर्गुकोंदल के उपभोक्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

क्षेत्र में लगातार बढ़ते बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी समस्या के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रूमा राय एवं वार्ड पंच फूलकुंवर दुर्गे के नेतृत्व में विद्युत वितरण केंद्र दुर्गूकोंदल पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कराने तथा वास्तविक खपत के आधार पर बिल जारी करने की मांग की।

महिलाओं ने बताया कि अधिकांश परिवार सीमित आय पर निर्भर हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से बिजली बिलों में लगातार वृद्धि हो रही है। उनका

### महिलाओं ने विद्युत कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



#### कार्यालय घेराव की दी चेतावनी

उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बढ़े हुए बिजली बिलों में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में विद्युत कार्यालय का घेराव कर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। वहीं, विद्युत विभाग के अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

कहना है कि बिजली की खपत पहले जैसी होने के बावजूद बिल अपेक्षा से अधिक आ रहे हैं, जिससे परिवारों का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है और आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रूमा राय ने कहा कि महंगाई के दौर में मनमाने बिजली बिल आम जनता के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। उन्होंने विभाग से शीघ्र समाधान निकालने और मीटरों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ता आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। वार्ड पंच फूलकुंवर दुर्गे ने कहा कि विद्युत विभाग को उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय रहते उचित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोगों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

### गतिविधियों को डिजिटल माध्यम से नियमित रूप से करेंगे अपलोड

# भाजपा मंडल सरोना की कार्यसमिति बैठक में संगठन विस्तार के लिए कई अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना की मंडल कार्यसमिति एवं मासिक बैठक मंडी प्रांगण सरोना में मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने, शक्ति केंद्रों के पुनर्गठन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जनभागीदारी के साथ आयोजित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को डिजिटल माध्यम से नियमित रूप से अपलोड करने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान एवं स्वाभिमान संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना ही वर्तमान समय की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक कार्यकर्ता को उसकी मेहनत और समर्पण के अनुरूप सम्मान और जिम्मेदारी मिलेगी। संगठन हर कार्यकर्ता के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा और सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में मंडल प्रभारी डॉ. देवेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम ने भी अपने विचार रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई तक मंडल के सभी शक्ति केंद्रों में बैठक आयोजित कर समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके लिए शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों एवं बूथ पदाधिकारियों को समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निरंजन गंजीर, यशवंत सुरोजिया, राजेश कलिहारी, भानु नेताम, अनिल गजपाल सहित मंडल के सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### मन की बात को पहुंचाने लिया संकल्प

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण प्रत्येक बूथ एवं शक्ति केंद्र पर कराया जाएगा। इसके लिए अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई, ताकि कार्यक्रम केवल संगठन तक सीमित न रहकर समाज के बीच जनभागीदारी का एक प्रभावी माध्यम बन सके।

# राशि आहरण के बावजूद सामाजिक भवन को पूरा नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ कोसरिया गांडा गंधर्व समाज भानुप्रतापपुर ने ग्राम पंचायत कराठी में निर्माणाधीन सामाजिक भवन के कार्य को अधूरा छोड़ने तथा वित्तीय अनियमितता की आशंका को लेकर सीईओ जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

समाज के द्वारा सौंपे गए पत्र के अनुसार विगत वर्ष 2021-22 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भानुप्रतापपुर आगमन के दौरान कोसरिया गांडा गंधर्व समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस स्वीकृति के उपरांत प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत कराठी को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया था। समाज का गंभीर आरोप है कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत कराठी द्वारा आज पर्यन्त जुलाई 2026 तक सामाजिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और कार्य को बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया है। समाज को विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत द्वारा इस निर्माणाधीन कार्य का अब तक हो चुके आधे-अधूरे कार्य का मूल्यांकन कराकर पूरी राशि का आहरण भी किया जा चुका है, जबकि धरातल पर भवन का निर्माण कार्य अभी तक अपूर्ण है। ज्ञापन सौंपने वालो में अध्यक्ष रवि कुलदीप, मोंटी कुलदीप, नारद चालकी, प्रदीप बघेल, राजू कुलदीप



आदि शामिल थे।

#### तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

कोसरिया गांडा गंधर्व समाज ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से आग्रह किया है कि उक्त अधूरे पड़े निर्माण कार्य को गंभीरता से लेते हुए तीन दिवस के भीतर पुनः प्रारंभ कराकर पूर्ण कराया जाए। समाज के अध्यक्ष रवि कुलदीप ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया जाता है, तो समाज द्वारा इसकी शिकायत उच्च कार्यालयों व वरिष्ठ अधिकारियों से की जाएगी।

# दूसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं डीएसपी कविता, स्वर्ण पदक से बढ़ाया जिले का मान

**कांकेर।** मेघालय की राजधानी शिलांग में 6 से 8 जुलाई तक आयोजित 14वीं सीनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप-2026 में जिले की महिला पुलिस अधिकारी एवं डीएसपी कविता धुर्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर्स 70 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया। लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनने की इस उपलब्धि से कांकेर-बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है।

डीएसपी कविता धुर्वे ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तकनीक, आत्मविश्वास और अनुशासित प्रदर्शन का परिचय देते हुए अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस सफलता ने न केवल पुलिस विभाग बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतना उनकी कड़ी मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है।



#### निरंतर अभ्यास से ही मिलती है सफलताः एसपी

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कांकेर पुलिस खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डीएसपी कविता धुर्वे की यह उपलब्धि जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।

# तेज रफ्तार रिवर्स ट्रैक्टर की चपेट में आया शिक्षक, गंभीर

**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के मामला दर्ज किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीव्ही-90 हनुमानपुर निवासी 60 वर्षीय मनोहर मिस्त्री ने थाना बांदे में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उनका पुत्र मनोरंजन मिस्त्री, जो पेशे से शिक्षक है, 10 जुलाई की सुबह लगभग 8 बजे अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएच 5383 में सवार होकर खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही निवासी विपन्न राय अपने घर से महिंद्रा ट्रैक्टर, जिसमें केचबील और नागर लगा हुआ था, को तेज गति और लापरवाही से रिवर्स करते हुए मुख्य सड़क पर लेकर आया। इस दौरान ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। हादसे में मनोरंजन मिस्त्री के बाएं हाथ और



बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं तथा शरीर पर कई जगह खरोंचें आईं, जिससे काफी रक्तस्राव हुआ। परिजनों ने तत्काल उन्हें निजी वाहन से रायपुर स्थित अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया गया कि घायल अभी अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली है और वह चलने-फिरने में भी असमर्थ है।

**पुलिस ने शुरू की विवेचनाः** घटना के पांच दिन बाद, घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसके पिता मनोहर मिस्त्री ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक विपन्न राय के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# टॉवर बैटरी चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़

**कांकेर।** मोबाइल टॉवरों से बैटरी चोरी करने वाले एक अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जियो कंपनी के एक कर्मचारी की संलिप्तता उजागर की है। पुलिस ने चोरी और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 49 जियो मोबाइल टॉवर बैटरियां, 311 बैटरियों के खाली बॉक्स, भारी मात्रा में बैटरियों से निकाला गया मेटल, चोरी में प्रयुक्त औजार तथा 41 हजार नगद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार पिछले कई महीनों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रिलायंस जियो मोबाइल टॉवरों से बैटरियां चोरी होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। आरोपी बालोद जिला के बखरूपारा दल्लीराजहरा निवासी 30 वर्षीय राजेश नेताम पिता छोटेलाल नेताम, दल्लीराजहरा निवासी 45 वर्षीय माखन तुमरेटी पिता स्व. आनंदी तुमरेटी, वल्लभनगर पटेल कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय देवराज बघेल पिता गजराम बघेल, गुरूर निवासी 29 वर्षीय राजेश यादव



पिता हेमकुमार यादव, 28 वर्षीय एली मसीह पिता रोमी मसीह और दल्लीराजहरा निवासी 34 वर्षीय अंकित कुमार जैन पिता मुकुन्दचंद जैन को पकड़ा गया। जांच के दौरान थाना आमाबेड़ा क्षेत्र के ग्राम किसकोड़ो स्थित जियो मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आमाबेड़ा, कोयलीबेड़ा, बांदे, छोटेबेठिया, रावघाट तथा नारायणपुर जिले के सोनपुर क्षेत्र स्थित जियो मोबाइल टॉवरों से बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह को जियो कंपनी के एक कर्मचारी का सहयोग प्राप्त था, जिसकी मदद से टॉवरों की जानकारी और गतिविधियों का लाभ उठाकर वारदातों को अंजाम दिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 41 हजार रूपये नगद, 49 जियो मोबाइल टॉवर बैटरियां, 311 बैटरियों के खाली बॉक्स, 29 बोरियों में बैटरियों से निकाला गया मेटल एवं अन्य पुर्जे, 1 लोहे का हथौड़ा, 2 पेचकस, 1 फाइल (रेती) को जब्त किया।

**कार्रवाई में इनका रहा योगदानः** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद साहू, उप निरीक्षक गिरीशचंद कुर्रे, प्रधान आरक्षक महेश नेताम एवं राजकुमार दर्रो, तथा आरक्षक मनिहार भुरकुरिया, विकास बघेल, घनश्याम नाग, शिव प्रसाद ध्रुव और लोकेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पारदर्शी प्रशासन, बेहतर सेवा और गुणवत्ता से युक्त विकास कार्यों पर रहेगा विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत की कमान सुखदेवे ने संभाली

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी बी.आर. सुखदेवे ने गुरुवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण करते ही स्पष्ट कर दिया कि उनकी प्राथमिकता विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगी। पदभार संभालते ही उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर विकास



कार्यों में तेजी लाने का संदेश दिया।

कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यालयीन कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिवार ने उनका स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवपदस्थ सीईओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा तथा सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए टीम भावना के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर जनपद क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने और आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

#### इनकी रही मौजूदगी

कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, करारोपण अधिकारी रमेश कुमार किशोरे, लेखापाल दया तुलावी, परमानंद नेताम, अनिता कोवाची, शरद जैन, विजय कुमार ध्रुव, तरुण साहू सहित जनपद पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधायक आशाराम नेताम के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं ने देखा विधानसभा की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरहरपुर के विद्यार्थी पहुंचे राजधानी
- छत्तीसगढ़ विधानसभा का किया शैक्षणिक भ्रमण

लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय कार्यप्रणाली को करीब से समझने के उद्देश्य से पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरहरपुर के छात्र-छात्राओं ने विधायक आशाराम नेताम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा और लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्नकाल, जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा तथा सदन के संचालन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अनुभव से उन्हें संविधान, संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका



को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उत्साह और जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के भविष्य के रूप में युवाओं की जिम्मेदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाने की है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और अपने सामाजिक दायित्वों की जानकारी प्राप्त करने तथा जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुभव भी मिलता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने में सहायक सिद्ध होता है। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों ने विधायक तथा मुकेश संचेती के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखने का यह अवसर उनके लिए प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहेगा।

**ये रहे उपस्थितः** इस दौरान जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश नाग, पालक देवानंद साहू, प्राचार्य डिलेश्वर साव, चंद्रहास यादव, कामदेव साहू, सुनील रत्नेश, वैशाली ठाकुर, पुष्पा भगत, अर्शत कुरैशी, अंजली नायक सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**खबर संक्षेप**

## 14 से 15 वर्ष तक के बालिकाओं को लगाई जाएगी वैक्सीन



**दंतेवाड़ा।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के निर्देशानुसार 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की उन किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है, लेकिन अभी 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है।
जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मंडल ने बताया कि एचपीवी संक्रमण गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। समय पर एचपीवी टीकाकरण कराने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## 92 किशोरियों को लगा एचपीवी टीका



**बस्तर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री के मार्गदर्शन में एचपीवी टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान आज कुल 92 किशोरियों को टीका लगाया गया। टीकाकरण के दौरान किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के महत्व और टीके की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बीपीएम राजेन्द्र कुमार बघेल, बीईटीओ जीली मंडावी, सुपरवाइजर कन्हैयालाल माहेश्वरी, सुपरवाइजर अनीता कश्यप,सहित अन्य सेक्टर सुपरवाइजरों, एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर किशोरियों को चिन्हित कर टीकाकरण केंद्र तक लाने में सहयोग किया।

## शिकायत पर खराब ट्रांसफार्मर हुआ दुरुस्त



**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों के लिए भरोसेमंद मंच साबित हो रही है। जिले के ग्राम हीरानार के तेलगा पारा में रहने वाले ग्रामीणों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिला। जहां कई माह से खराब पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर के कारण लगभग 150 उपभोक्ता बिजली संकट से परेशान थे। हीरानार निवासी लखन यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 की जानकारी प्राप्त की और मई 2026 में अपनी शिकायत दर्ज कराई। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर खराब ट्रांसफार्मर का परीक्षण कराया और शीघ्र ही उसकी मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी।

### अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने अधिकारी दौरे पर, दीदियों को मिली सौगात

# लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान कही।

जिले में विकास कार्यों को गति देने और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार ने बुधवार को जिला पंचायत सीईओ के साथ छिंदगढ़ एवं तोंगपाल क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया।

- कलेक्टर आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने दे रहे निर्देश

दौरे के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण तथा निर्माणाधीन प्रशासनिक भवनों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।





### दीदियों को मिलेगा छोटा हाथी

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। महिलाओं द्वारा कचरा संग्रहण कार्य में वाहन की आवश्यकता बताने पर उन्होंने समूह को 'छोटा हाथी' मालवाहक वाहन उपलब्ध कराने की घोषणा की। इससे कचरा संग्रहण एवं परिवहन कार्य अधिक प्रभावी होगा और महिलाओं की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

### लाइब्रेरी को मिलेगा नया स्वरूप

दौरे की शुरुआत छिंदगढ़ स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर के समीप संचालित लाइब्रेरी के निरीक्षण से हुई। कलेक्टर ने वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर लाइब्रेरी को व्यवस्थित करने, अध्ययन सामग्री बढ़ाने तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### गुणवत्ता के साथ कार्यालय जल्द होंगे तैयार

दौरे के अंतिम चरण में कलेक्टर ने छिंदगढ़ के निर्माणाधीन नवीन एसडीएम कार्यालय तथा तोंगपाल के नवीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए एसडीएम कार्यालय की छत की वाटरप्रूफिंग कराने और पुराने दरवाजों को बदलने के निर्देश दिए। वहीं तोंगपाल तहसील कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण तथा बरामदे में गुणवत्तापूर्ण टाइल्स लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक भवन आम नागरिकों की सुविधा के केंद्र हैं, इसलिए इनके निर्माण में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

### अस्पताल की छत मरम्मत के निर्देश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ पहुंचकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान की प्रगति की जानकारी ली और प्रतिदिन लगाए जा रहे टीकों की संख्या की समीक्षा की। वैक्सीन के रख-रखाव की जांच करते हुए उन्होंने अस्पताल भवन की क्षतिग्रस्त छत की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### अधिकारी रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, जनपद पंचायत सीईओ पी.के. गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर हाई स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना रथयात्रा पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेंट जेवियर हाई स्कूल में भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने चित्रकला, रंगोली, कला एवं शिल्प (आर्ट एंड क्राफ्ट) प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने फूल एवं मालाओं से रथों की सजावट की तथा मनमोहक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्री जगन्नाथ के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा व्यक्त की। विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा एवं धार्मिक भावनाओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. जीएस पटनायक, प्राचार्या वी. भारती तथा प्रबंधन शाखा के आयोजनकर्ता प्रदीप पटनायक की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ के साथ भगवान श्री जगन्नाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना की। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी सहभागिता निभाई, जिससे आयोजन और अधिक भव्य एवं सफल बना। विद्यालय परिवार ने इस पावन अवसर पर सभी को रथयात्रा की प्रेम, सद्भाव, सेवा और आध्यात्मिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के सेवानिवृत्त होने वाले चार शिक्षकों के सम्मान में समारोह कार्यक्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके दीर्घ, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। सम्मानित शिक्षकों में रघुवीर सिंह नेताम, प्रधान पाठक, माध्यमिक शाला पंडेवार, निर्मला तुरखेड़े व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांसी, संध्या श्रीवास्तव, प्रधान पाठक, पोटा केबिन मेंडोली, श्याम लाल सोरी, प्रधान पाठक शामिल रहे।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि उनके जीवन के संस्कार, व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति अवश्य होती है, लेकिन एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उसका अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन समाज के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहता है। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों ने वर्षों तक कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा की अलख जगाई है, उनका योगदान अमूल्य है। शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि रही है। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को उनके अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कलेक्टर ने सभी शिक्षकों के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन सदैव शिक्षकों के योगदान का सम्मान करता रहेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा विभाग के लिए यह गर्व का विषय है कि ऐसे समर्पित शिक्षकों ने अपने पूरे सेवाकाल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निष्ठापूर्वक कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने कार्यों और मूल्यों के माध्यम से सदैव जीवित रहते हैं।



## एनएमएमएस परीक्षा की तैयारी पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोण्ड

विकासखंड शिक्षा अधिकारी बस्तर भारती देवांगन ने उच्च प्राथमिक शाला भुरसुंडी एवं प्राथमिक शाला महुगुड़ा का निरीक्षण कर विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने माध्यमिक शाला में सभी शिक्षकों की शिक्षक डायरी का अवलोकन किया तथा अध्यापन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान देवांगन ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 8 के बाद भी पढ़ाई जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि एनएमएमएस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता एवं शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन किया जाता है। यह परीक्षा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, तार्किक सोच और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ने की समस्या को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईओ ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों को प्रतिदिन एनएमएमएस परीक्षा से संबंधित प्रश्नों का अभ्यास कराएं तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

- बीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण

## 17 लाख के ऋण से चार हितग्राहियों को मिला स्वरोजगार का अवसर

**बीजापुर।** वन प्रबंधन समितियों के खातों में जमा लाभांश एवं चक्रीय निधि की राशि का उपयोग करते हुए वनमंडल बीजापुर ने पुनर्वासित युवाओं एवं वनांचल के ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल की है।

विभाग ने 17 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराकर चार हितग्राहियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है। इस योजना के अंतर्गत पामेड़ एवं आवापल्ली परिक्षेत्र के चार हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता दी गई। इनमें तीन हितग्राहियों को किराना दुकान संचालन हेतु 2 लाख, 3 लाख एवं 2 लाख रुपये तथा एक हितग्राही को ट्रैक्टर, ट्रॉली एवं डोजर खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया।

## आस्था के नाम पर राजनीति, चढ़ावे के नाम पर लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि राम मंदिर चंदा चोरी, आस्था के नाम पर राजनीति और चढ़ावे के नाम पर लूट है। अब भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा भी बीजेपी-आरएसएस की राजनीतिक लूट का शिकार हो गया है।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक हैं। देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई, अपने गहने, अपनी बचत और अपनी श्रद्धा लेकर राम मंदिर निर्माण के लिए आगे आए। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की, देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की। उन्होंने कहा आज वही करोड़ों रामभक्त यह पूछने को मजबूर हैं कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया? यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया




विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राम द्रोही है, उसने पहले चंदा में हेराफेरी करवाया अब चढ़ावा में चोरी की। भाजपा ने राम मंदिर के निर्माण के समय रामशिला पूजन के नाम से जो 14000 करोड़ रू. से अधिक राशि एकत्रित हुआ था। उसका जवाब आरएसएस एवं भाजपा के लोग नहीं दे पाये। उनके ही सहयोगी नेताओं ने ही राम मंदिर निर्माण के समय एकत्रित किये चंदे का आरोप लगाया था। जिन लोगों ने मंदिर बनाने के नाम पर चंदा में हेराफेरी किया था वही लोग मंदिर बनने के बाद चढ़ावे में हेराफेरी करने लगे, इन सबकी पृष्ठ भूमि आरएसएस और भाजपा की रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष शकील रिजवी, छविंद्र कर्मा, तूलिका कर्मा, मनीष भट्टाचार्य, विवेक देवांगन, भास्कर राठौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्र शर्मा एवं सुमित्रा शोरी मौजूद रहे।

## एएमएनएस इंडिया स्वास्थ्य शिविर में 92 ग्रामीणों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/किरंदुल


आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया एएम/एनएस इंडिया ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य को लगातार जारी रखा है। किरंदुल के ग्राम पंचायत हिरोली में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया।

- शिविर में आधुनिक पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था की गई

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस स्वास्थ्य शिविर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। शिविर में कुल 92 लोगों ने पंजीयन कराकर अपनी जांच करवाई। चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने बेहद संवेदनशीलता के साथ मरीजों की समस्याओं को सुना और कुल 77 मरीजों का गहन उपचार किया। जांच के बाद इन सभी मरीजों को डॉक्टरों की पर्ची के आधार पर उच्च गुणवत्ता वाली आवश्यक दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं। ग्रामीणों की सेहत के सटीक मूल्यांकन के लिए शिविर में आधुनिक पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था भी की गई थी। इसके तहत कुल 56 पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए, जिनमें मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और मलेरिया जैसी गंभीर व आम बीमारियों की जांच शामिल रही। समय पर इन बीमारियों की पहचान होने से ग्रामीणों को आगे के इलाज में बड़ी मदद मिलेगी।



इस जन-कल्याणकारी अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय पंचायत प्रशासन और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का विशेष और सराहनीय योगदान रहा। हिरोली ग्राम पंचायत के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और क्षेत्र की मितानिनों ने शिविर में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल ग्रामीणों को घर-घर जाकर शिविर में आने के लिए प्रेरित किया, बल्कि कतार प्रबंधन और डॉक्टरों की सहायता में भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने दूरदराज के इलाकों में ऐसी निःस्वार्थ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एएमएनएस इंडिया के इस सीएसआर प्रयास को सराहा और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का आग्रह किया है।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### साहू समाज ने बांटा गजामूंग प्रसाद



**जगदलपुर।** क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी ने बस्तर के पारम्परिक गोंचा (रथयात्रा) पर्व पर गजामूंग प्रसाद का वितरण किया गया। अध्यक्ष गणेश राम साहू ने बताया कि साहू समाज की आराध्या माता कर्मा जी भगवान कृष्ण (जगन्नाथ) की अनन्य भक्त थी। उनकी भक्ति के प्रताप के कारण भगवान जगन्नाथ को माता कर्मा की खिचड़ी खाने उनकी झोपड़ी पर आना पड़ा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रदेश साहू समाज के संयोजक पीमन साहू, प्रदेश युवा प्रकोष्ट संयुक्त सचिव अनुष्का साहू, हरीश साहू, जिला उपाध्यक्ष मोहन साहू, संयोजक हेमलाल साहू, सचिव जगदीश साहू, कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू, डीएन साहू, नीलमणी साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# पूना परीयान-नई उड़ान ने भरी सफलता की उड़ान अग्निवीर लिखित परीक्षा में कांकेर के 19 युवा सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जिला प्रशासन की नि:शुल्क प्रशिक्षण पहल बनी सफलता की सीढ़ी
- लिखित परीक्षा में सफल युवा अब फिजिकल टेस्ट की तैयारी में प्रशिक्षकों के साथ जुटे

दूरस्थ और आदिवासी अंचल के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाली जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल पूना परीयान-नई उड़ान एक बार फिर सफलता की नई मिसाल बनकर उभरी है। भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में जिले के 19 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे कांकेर जिले का गौरव बढ़ाया है।



कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश कुमार मंडावी के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद तथा जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल के पर्यवेक्षण में संचालित इस अभियान ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिंगारभाट तथा चौगेल (भानुप्रतापपुर) स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में युवाओं को भारतीय सेना की भर्ती प्रक्रिया के अनुरूप पूरी तरह तैयार किया जाता है। यहां लिखित परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ दौड़, शारीरिक दक्षता, मेडिकल परीक्षण, व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और भर्ती प्रक्रिया की बारीकियों का विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इस वर्ष विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद इन अभ्यर्थियों ने यह साबित कर दिया कि यदि सही दिशा, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास मिले, तो ग्रामीण प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। इससे जिले के अन्य युवाओं में भी भारतीय सेना और सुरक्षा बलों में भर्ती होने का उत्साह बढ़ा है।

### कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने लिखित परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अब उनका अगला लक्ष्य शारीरिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंतिम चयन सुनिश्चित करना होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से पूरी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने का आह्वान किया तथा अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार विशेष फिजिकल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

### प्रशासन ने की अपील

जिला प्रशासन ने जिले के अन्य युवाओं से भी अपील की है कि वे पूना परीयान-नई उड़ान अभियान के निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाकर भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती होकर राष्ट्रसेवा का सपना साकार करें। प्रशासन का मानना है कि यह पहल केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम भी बन रही है। लगातार मिल रही सफलताएं इस अभियान को जिले के युवाओं के लिए उम्मीद और प्रेरणा का केंद्र बना रही हैं।

# मिनी स्टेडियम के पास हादसा, ई-रिक्शा चालक और बाइक सवार हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के मेन रोड स्थित मिनी स्टेडियम के पास 15 जुलाई शाम एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर अफरा-तफरी मचा दी। लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार चालक ने पहले एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मारी, जिससे ई-रिक्शा चालक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। इसके बाद कार ने एक मोटरसाइकिल और फिर सड़क किनारे खड़ी एक अन्य कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जबकि तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

नितिन पटेल ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि घटना 15 जुलाई की शाम करीब साड़े 7 बजे की है। घायल ई-रिक्शा चालक अपने वाहन से घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा पलट गया और चालक को पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद अनियंत्रित कार ने पास में



मौजूद एक मोटरसाइकिल को भी टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। इसके बाद कार ने आगे जाकर सड़क किनारे खड़ी एक टाटा पंच कार को पीछे से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कार चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए यह दुर्घटना की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 3823 के चालक चंद्रशेखर तेता के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात


**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत बासनवाही चिडकापारा निवासी 22 वर्षीय पवन नेताम पिता दयालू राम ने 14 जुलाई की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# सूरजागढ़ माइंस के भारी वाहनों से स्टेट हाईवे 25 की पुलिया में दरारें

**पखांजूर।** स्टेट हाईवे 25 पर सूरजागढ़ माइंस के भारी वाहनों के लगातार आवागमन से सड़क और पुल-पुलियाओं की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। पखांजूर-अंजरी नाला पुलिया में आई दरारों को लेकर ग्रामीणों ने बड़े हादसे की आशंका जताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार बारिश होने पर पुलिया कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे पखांजूर मुख्यालय सहित आसपास के सैकड़ों गांवों का संपर्क प्रभावित होने का खतरा है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि स्थायी समाधान होने तक इस मार्ग पर माइंस के भारी वाहनों का संचालन तत्काल रोका जाए और साथ ही क्षतिग्रस्त एवं संकीर्ण पुलियाओं के स्थान पर नई और मजबूत पुलिया का निर्माण तथा सड़क का चौड़ीकरण कराया जाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार कुर्रे ने कहा कि यदि पुलिया में दरारें आई हैं तो यह गंभीर मामला है और समय रहते आवश्यक कदम उठाना जरूरी है। नगर पंचायत पखांजूर के उपाध्यक्ष



शंकर सरकार ने पुलिया का निरीक्षण कर इसकी स्थिति चिंताजनक बताते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई और भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर स्थानीय लोगों के साथ जनआंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम राहुल रजक ने बताया कि पुलिया का निरीक्षण कराया जाएगा तथा माइंस वाहनों के आवागमन और निर्धारित रूट प्लान की समीक्षा कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

